Regarding alleged deteriorating law and order situation in Jharkhand - laid

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): मैं सरकार का ध्यान झारखंड राज्य में कानून व्यवस्था की निराशाजनक स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इसी महीने, एक स्थानीय गिरोह से जुड़े अपराधियों के साथ झड़प में आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) के डीएसपी और रामगढ़ जिला पुलिस के उप-निरीक्षक को गोली मार दी गई और वे घायल हो गए। जिस राज्य में पुलिस भी असुरक्षित हो, वहां आम जनता की दुर्दशा का अंदाजा लगाया जा सकता है। एनसीआरबी की "क्राइम इन इंडिया" रिपोर्ट 2021 के अनुसार, झारखंड में हत्या की दर देश में सबसे अधिक 4.1%, है। झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध अपराध के ताज़ा आंकड़े और भी निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं। जनवरी से मई 2023 के बीच राज्य भर में संज्ञेय अपराध के लगभग 26,500 मामले दर्ज किए गए हैं। यानी, हत्या और अपहरण जैसे गंभीर अपराध के लगभग 175 मामले हर दिन दर्ज किए जाते हैं। ये आंकड़े डराने वाले हैं। लेकिन इससे भी अधिक, वे इस बात के सूचक हैं कि राज्य सरकार, राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कैसे पूरी तरह विफल रही है। मैं केंद्र सरकार से मामले का संज्ञान लेने और राज्य को सख्त निर्देश जारी करने का आग्रह करता हूं।